PEARSON
edurite

Series : SKS/1

कोड नं.
Code No. **58/1/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **32** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **8** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **32** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# अर्थशास्त्र

# ECONOMICS

*निर्धारित समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

*Time allowed : 3 hours ]* *[ Maximum Marks : 100*

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* *दोनों खण्डों के **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या **1-5** तथा **17-21** अति लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक का **1** अंक है । इनका उत्तर केवल **एक वाक्य** में ही अपेक्षित है ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या **6-10** और **22-26** लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **3** अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यत: **60** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या **11-13** और **27-29** भी लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **4** अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यत: **70** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या **14-16** और **30-32** व्याख्यात्मक उत्तर वाले प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **6** अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यत: **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vii)* *प्रश्न संख्या **11** और **19** मूल्याधारित प्रश्न हैं ।*

*(viii)* *उत्तर संक्षिप्त तथा तथ्यात्मक होने चाहिए तथा यथासंभव ऊपर दी गई सीमा के अंतर्गत ही दिए जाने चाहिए ।*

[P.T.O.

**General Instructions :**

(i) *All questions in both the sections are compulsory.*

(ii) *Marks for questions are indicated against each.*

(iii) *Question Nos.* ***1-5*** *and* ***17-21*** *are very short-answer questions carrying* ***1*** *mark each. They are required to be answered in* ***one sentence*** *each.*

(iv) *Question Nos.* ***6-10*** *and* ***22-26*** *are short-answer questions carrying* ***3*** *marks each. Answers to them should normally not exceed* ***60*** *words each.*

(v) *Question Nos.* ***11-13*** *and* ***27-29*** *are also short-answer questions carrying* ***4*** *marks each. Answers to them should normally not exceed* ***70*** *words each.*

(vi) *Question Nos.* ***14-16*** *and* ***30-32*** *are long-answer questions carrying* ***6*** *marks each. Answers to them should normally not exceed* ***100*** *words each.*

(vii) *Question Nos.* ***11*** *and* ***19*** *are value-based questions.*

(viii) *Answers should be brief and to the point and the above word limits should be adhered to as far as possible.*

**खण्ड – अ**

**SECTION – A**

1. स्थिर लागतों के दो उदाहरण दीजिए । 1
Give two examples of fixed costs.

2. सीमान्त लागत की परिभाषा दीजिए । 1
Define marginal cost.

3. किसी वस्तु की माँग को बेलोचदार कब कहा जाता है ? 1
When is the demand for a good said to be inelastic ?

4. बाजार माँग का अर्थ बताइए । 1
Give the meaning of market demand.

5. किस प्रकार के बाजार में सीमान्त संप्राप्ति (आगम) सदैव कीमत के बराबर होती है ? 1
Under which market form a firm's marginal revenue is always equal to price ?

6. घटिया वस्तु और सामान्य वस्तु के बीच अन्तर समझाइए । 3
Explain the difference between an inferior good and a normal good.

7. ह्रासमान सीमान्त उपयोगिता नियम की कुल उपयोगिता अनुसूची की सहायता से व्याख्या कीजिए । 3

**अथवा**

उपयोगिता विश्लेषण की सहायता से उपभोक्ता के संतुलन की शर्तों की व्याख्या कीजिए ।

Explain the law of diminishing marginal utility with the help of a total utility schedule.

**OR**

Explain the conditions of consumer's equilibrium with the help of utility analysis.

PEARSON
edurite

8. एक वस्तु की कीमत ₹ 20 प्रति इकाई से ₹ 30 प्रति इकाई बढ़ने से, इस वस्तु का उत्पादन करने वाली एक फर्म की संप्राप्ति (आगम) ₹ 100 से बढ़कर ₹ 300 हो जाती है । पूर्ति की कीमत लोच का परिकलन कीजिए । 3

When the price of a good rises from ₹ 20 per unit to ₹ 30 per unit, the revenue of the firm producing this good rises from ₹ 100 to ₹ 300. Calculate the price elasticity of supply.

9. निम्नलिखित तालिका को पूरा कीजिए : 3

| श्रम की इकाई | औसत उत्पाद (इकाई) | सीमान्त उत्पाद (इकाई) |
|---|---|---|
| 1 | 8 | ....... |
| 2 | 10 | ....... |
| 3 | ....... | 10 |
| 4 | 9 | ....... |
| 5 | ....... | 4 |
| 6 | 7 | ....... |

Complete the following table :

| Units of Labour | Average Product (Units) | Marginal Product (Units) |
|---|---|---|
| 1 | 8 | ....... |
| 2 | 10 | ....... |
| 3 | ....... | 10 |
| 4 | 9 | ....... |
| 5 | ....... | 4 |
| 6 | 7 | ....... |

10. पूर्ण प्रतियोगी बाजार की "बड़ी संख्या में क्रेता और विक्रेता" विशेषता की व्याख्या कीजिए । 3

Explain "large number of buyers and sellers" feature of a perfectly competitive market.

11. एक अर्थव्यवस्था में बेरोजगारी के कारण इसका उत्पादन क्षमता से कम है । सरकार रोजगार देने वाली योजनाएँ शुरू करती है । उत्पादन संभावना वक्र की सहायता से इसके प्रभाव की व्याख्या कीजिए । 4

Production in an economy is below its potential due to unemployment. Government starts employment generation schemes. Explain its effect using production possibilities curve.

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 11 के स्थान पर है ।**

**Note : The following question is for the blind candidates only in lieu of Q. No. 11.**

एक अर्थव्यवस्था में बेरोजगारी के कारण इसका उत्पादन क्षमता से कम है । सरकार रोजगार देने वाली योजनाएँ शुरू करती है । उत्पादन संभावना तालिका की सहायता से इसके प्रभाव की व्याख्या कीजिए । 4

Production in an economy is below its potential due to unemployment. Government starts employment generation schemes. Explain its effects using production possibilities schedule.

PEARSON
edurite

12. एक संख्यात्मक उदाहरण की सहायता से उत्पादक के संतुलन की शर्तों की व्याख्या कीजिए । 4
Explain the conditions of producer's equilibrium with the help of a numerical example.

13. एक वस्तु की माँग की कीमत लोच – 0.4 है । यदि इसकी कीमत 5 प्रतिशत बढ़े तो इसकी माँग कितने प्रतिशत घटेगी ? परिकलन कीजिए । 4

**अथवा**

माँग की कीमत लोच को प्रभावित करने वाले किन्हीं दो कारकों की व्याख्या कीजिए । उपयुक्त उदाहरण दीजिए ।

The price elasticity of demand for a good is – 0.4. If its price increases by 5 percent, by what percentage will its demand fall ? Calculate.

**OR**

Explain any two factors that affect the price elasticity of demand. Give suitable examples.

14. कारण देते हुए बताइए कि निम्नलिखित कथन सही हैं या गलत : 6
(i) एकाधिकारी एक कीमत पर अपने उत्पाद की कितनी भी मात्रा बेच सकता है ।
(ii) जब एक वस्तु की संतुलन कीमत उसकी बाजार कीमत से कम होती है तो विक्रेताओं में प्रतिस्पर्धा होगी ।

Giving reasons, state whether the following statements are true or false :
(i) A monopolist can sell any quantity he likes at a price.
(ii) When equilibrium price of a good is less than its market price, there will be competition among the sellers.

15. कुल उत्पाद और सीमान्त उत्पाद वक्रों की सहायता से "परिवर्ती अनुपातों के नियम" की व्याख्या कीजिए । 6
Explain the Law of Variable Proportions with the help of total product and marginal product curves.

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 15 के स्थान पर है ।**
**Note : The following question is for Blind Candidates only in lieu of Q. No. 15.**

कुल उत्पाद और सीमान्त उत्पाद तालिका की सहायता से परिवर्ती अनुपातों के नियम की व्याख्या कीजिए । 6
Explain the Law of Variable Proportions with the help of total product and marginal product schedule.

16. अनधिमान वक्र विश्लेषण की सहायता से उपभोक्ता के संतुलन की व्याख्या कीजिए । 6

**अथवा**

निम्नलिखित के बीच सम्बन्ध की व्याख्या कीजिए :
(i) अन्य वस्तुओं की कीमतें और दी हुई वस्तु की माँग
(ii) क्रेताओं की आय और वस्तु की माँग

Explain consumer's equilibrium with the help of Indifference Curve Analysis.

**OR**

Explain the relationship between
(i) Prices of other goods and demand for the given good.
(ii) Income of the buyers and demand for a good.

PEARSON
edurite

## खण्ड – ब
## SECTION – B

17. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश विदेशी विनिमय की कीमत को कैसे प्रभावित कर सकता है ? 1
How can increase in foreign direct investment affect the price of foreign exchange ?

18. माँग जमाएँ क्या होती हैं ? 1
What are demand deposits ?

19. "बाहरी प्रभाव" का एक उदाहरण दीजिए जिससे लोगों के कल्याण में कमी आती है । 1
Give one example of "externality" which reduces welfare of the people.

20. अप्रत्यक्ष करों के दो उदाहरण दीजिए । 1
Give two examples of indirect taxes.

21. सरकारी बजट क्या होता है ? 1
What is a Government Budget ?

22. वस्तु विनिमय प्रणाली के अन्तर्गत आवश्यकताओं के दोहरे संयोग की समस्या की व्याख्या कीजिए । मुद्रा ने इसका हल कैसे किया ? 3
Explain the problem of double coincidence of wants faced under barter system. How has money solved it ?

23. सरकारी बजट में राजस्व व्यय और पूँजीगत व्यय में भेद कीजिए । प्रत्येक का एक-एक उदाहरण दीजिए । 3

**अथवा**

राजस्व घाटे और राजकोषीय घाटे में भेद कीजिए ।

Distinguish between revenue expenditure and capital expenditure in Government budget. Give an example of each.

**OR**

Distinguish between revenue deficit and fiscal deficit.

24. सरकारी बजट के किसी एक उद्देश्य की व्याख्या कीजिए । 3
Explain any one objective of Government Budget.

25. देशीय मुद्रा की मूल्य-वृद्धि के आयात पर प्रभाव की व्याख्या कीजिए । 3
Explain the effect of appreciation of domestic currency on imports.

26. व्यापार शेष और चालू खाते के शेष में भेद कीजिए । 3
Distinguish between balance of trade and balance on current account.

PEARSON
edurite

27. निम्नलिखित आँकड़ों से "बिक्री" का परिकलन कीजिए : 4

| | | (₹ लाखों में) |
|---|---|---|
| (i) | कारक लागत पर निवल मूल्य वृद्धि | 560 |
| (ii) | मूल्यह्रास | 60 |
| (iii) | स्टॉक में परिवर्तन | (–) 30 |
| (iv) | मध्यवर्ती लागत | 1000 |
| (v) | निर्यात | 200 |
| (vi) | अप्रत्यक्ष कर | 60 |

Calculate "sales" from the following data :

| | | (₹ in lakhs) |
|---|---|---|
| (i) | Net value added at factor cost | 560 |
| (ii) | Depreciation | 60 |
| (iii) | Change in stock | (–) 30 |
| (iv) | Intermediate cost | 1000 |
| (v) | Exports | 200 |
| (vi) | Indirect taxes | 60 |

28. कारण बताते हुए निम्नलिखित को स्टॉक और प्रवाह में वर्गीकृत कीजिए : 4

(i) पूँजी

(ii) बचत

(iii) सकल देशीय उत्पाद

(iv) सम्पत्ति

**अथवा**

आय का चक्रीय प्रवाह समझाइए ।

Giving reasons categorise the following into stock and flow :

(i) Capital

(ii) Saving

(iii) Gross domestic product

(iv) Wealth

**OR**

Explain the circular flow of income.

29. केन्द्रीय बैंक के "सरकार का बैंकर" कार्य की व्याख्या कीजिए । 4

Explain "Banker to the Government" function of the Central Bank.

PEARSON
edurite

30. एक अर्थव्यवस्था का उपभोग फलन C = 100 + 0.4Y है जिसमें C उपभोग व्यय और Y राष्ट्रीय आय है । निवेश व्यय 1100 है । परिकलन कीजिए : 6

(i) राष्ट्रीय आय का संतुलन स्तर

(ii) राष्ट्रीय आय के संतुलन स्तर पर उपभोग व्यय

C = 100 + 0.4 Y is the Consumption Function of an economy where C is Consumption Expenditure and Y is National Income. Investment expenditure is 1100. Calculate

(i) Equilibrium level of National Income.

(ii) Consumption expenditure at equilibrium level of national income.

31. निम्नलिखित तालिका पूरी कीजिए : 6

| आय (₹) | उपभोग व्यय (₹) | सीमांत बचत प्रवृत्ति | औसत बचत प्रवृत्ति |
|---|---|---|---|
| 0 | 80 | | |
| 100 | 140 | 0.4 | ...... |
| 200 | ...... | ...... | 0 |
| ...... | 240 | ...... | 0.20 |
| ...... | 260 | 0.8 | 0.35 |

Complete the following table :

| Income (₹) | Consumption expenditure (₹) | Marginal propensity to save | Average propensity to save |
|---|---|---|---|
| 0 | 80 | | |
| 100 | 140 | 0.4 | ...... |
| 200 | ...... | ...... | 0 |
| ...... | 240 | ...... | 0.20 |
| ...... | 260 | 0.8 | 0.35 |

32. निम्नलिखित आँकड़ों से राष्ट्रीय आय का परिकलन कीजिए : 6

| | | (₹ करोड़ों में) |
|---|---|---|
| (i) | निजी अन्तिम उपभोग व्यय | 900 |
| (ii) | लाभ | 100 |
| (iii) | सरकारी अन्तिम उपभोग व्यय | 400 |
| (iv) | निवल अप्रत्यक्ष कर | 100 |
| (v) | सकल देशीय पूँजी निर्माण | 250 |
| (vi) | स्टॉक में परिवर्तन | 50 |
| (vii) | विदेशों से निवल कारक आय | (–) 40 |
| (viii) | स्थिर पूँजी का उपभोग | 20 |
| (ix) | निवल आयात | 30 |

अथवा

PEARSON
edurite

निम्नलिखित आँकड़ों से निवल राष्ट्रीय प्रयोज्य आय का परिकलन कीजिए :

| | | (₹ करोड़ों में) |
|---|---|---|
| (i) | बाजार मूल्य पर सकल देशीय उत्पाद | 2000 |
| (ii) | शेष विश्व को निवल पूँजीतर हस्तांतरण | (–) 200 |
| (iii) | निवल अप्रत्यक्ष कर | 150 |
| (iv) | विदेशों को निवल कारक आय | 60 |
| (v) | राष्ट्रीय ऋण ब्याज | 70 |
| (vi) | स्थिर पूँजी का उपभोग | 200 |
| (vii) | सरकार से पूँजीतर (चालू) हस्तांतरण | 150 |

Calculate National Income from the following data :

| | | (₹ in crores) |
|---|---|---|
| (i) | Private final consumption expenditure | 900 |
| (ii) | Profit | 100 |
| (iii) | Government final consumption expenditure | 400 |
| (iv) | Net indirect taxes | 100 |
| (v) | Gross domestic capital formation | 250 |
| (vi) | Change in stock | 50 |
| (vii) | Net factor income from abroad | (–) 40 |
| (viii) | Consumption of fixed capital | 20 |
| (ix) | Net imports | 30 |

**OR**

Calculate net national disposable income from the following data :

| | | (₹ in crores) |
|---|---|---|
| (i) | Gross domestic product at market price | 2000 |
| (ii) | Net current transfers to rest of the world | (–) 200 |
| (iii) | Net indirect taxes | 150 |
| (iv) | Net factor income to abroad | 60 |
| (v) | National debt interest | 70 |
| (vi) | Consumption of fixed capital | 200 |
| (vii) | Current transfers from Government | 150 |